26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025
अंक- 355 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## कर्पूरी ठाकुर को नमन किया

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने चुनावी अभियान की शुरुआत की। समस्तीपुर और बेगूसराय में जनसभाओं के माध्यम से, उन्होंने पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कर्पूरी ठाकुर के योगदान को रेखांकित किया।

# 'अबकी बार, मोदी सरकार' जैसे नारे देने वाले विज्ञापन गुरु पीयूष पांडे नहीं रहे

## भारतीय विज्ञापनों का चेहरा बदलने वाले जादूगर थे

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। विज्ञापन उद्योग के दिग्गज पीयूष पांडे का आज सुबह निधन हो गया, जिससे उद्योग जगत शोक में डूब गया। चार दशकों से ज़्यादा लंबे करियर के साथ पीयूष पांडे ने भारतीय विज्ञापनों का चेहरा बदल दिया।



जयपुर में जन्मे पांडे का विज्ञापन जगत से पहला जुड़ाव बचपन में ही हो गया था, जब उन्होंने और उनके भाई प्रसून ने रोज़मर्रा के उत्पादों के लिए रेडियो जिंगल्स की आवाज़ दी थी। 1982 में ओगिल्वी में शामिल होने से पहले, उन्होंने क्रिकेट और निर्माण कार्यों में हाथ आजमाया। लेकिन ओगिल्वी में ही उन्हें अपनी मंजिल मिली- और उन्होंने भारत के खुद से बात करने के तरीके को नये सिरे से परिभाषित किया। 27 साल की उम्र में, पांडे ने अंग्रेज़ी और अभिजात्य सौंदर्यशास्त्र से संचालित उद्योग में प्रवेश किया। उन्होंने आम लोगों की भाषा बोलने वाले काम से विज्ञापनों के ढर्रे को बदला। एशियन पेंट्स का 'हर खुशी में रंग लाए', कैडबरी का 'कुछ खास है', फेविकोल की प्रतिष्ठित विज्ञापन जैसे अभियान भारतीय लोक संस्कृति का हिस्सा बन गए। उन्होंने भारत के सबसे यादगार राजनीतिक नारों में से एक 'अब की बार, मोदी सरकार' को गढ़ने में मदद की।

किराये हेतु

बिजनौर में जजी चौराहे पर प्रथम तल पर 3 कमरों का मकान ऑफिस/आवास के लिये उपयुक्त, किराये पर लेने के इच्छुक सम्पर्क करें।
मो. 9412215813

गोवर्धन पूजा व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
अब आपका घर कमाएगा
TATA POWER
SOLAROOF
सोलारूफ़ लगाएं घर को अर्निंग मेम्बर बनाएं.
पहले महीने से ही 50% तक की बिजली के खर्चे बचाएं, ऐसा लगे कि छत प्रॉफिट पार्टनर बन जाए।
पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना
निजी आवासों में ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावरप्लांट



उपभोक्ता के संयंत्र मूल्य की पे-बैक अवधि 3-4 वर्ष
कृपया ऑनलाइन आवेदन नेशनल पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in पर करें।
टाटा पावर का विश्वास
बैंक द्वारा फाईनेंस की सुविधा
• 5 साल की वारंटी • सोलर रूफटॉप सिस्टम के लिए इंश्योरेंस
• हर मौसम से सुरक्षित और जोखिम-रहित इंस्टॉलेशन
SATYAM ENTERPRISES
EMPANELED VENDOR OF MNRE, GOVT. OF INDIA & UPNEDA
22-23, आवास विकास मार्केट, पीली कोठी, मुरादाबाद।
Toll Free- 1800-203-6016, Mob.: 9412346002, 9412216140
E-mail : satyam.mbd@gmail.com I Web.: www.kaumosolar.com

## बस में आग लगने से 20 लोग जिंदा जले

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल ज़िले के चिन्नातेकुर के पास आज सुबह एक निजी ट्रैवल बस में एक दोपहिया वाहन से टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। इनमें से 18 यात्रियों की जीवित पहचान हो गई है। पुलिस ने कहा कि कई शव पूरी तरह से जल चुके थे, जिससे पहचान मुश्किल हो रही थी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह घटना सुबह लगभग 3:30 बजे हुई। बस और दोपहिया वाहन की टक्कर के बाद भीषण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग पहले बस के अगले हिस्से में लगी और फिर तेज़ी से फैल गई। आग बढ़ने पर 12 यात्री आपातकालीन निकास द्वार तोड़कर मामूली चोटों के साथ बाहर निकलने में कामयाब रहे। उन्हें इलाज के लिए कुरनूल सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जब यह हादसा हुआ, उस समय इलाके में भारी बारिश हो रही थी, जिसके कारण यह टक्कर हुई होगी।

ATHER
दीपावली के शुभ अवसर पर
बिजनौर में खुल गया है
इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम



Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901



## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 25 अक्टूबर 2025**

मेष- कार्यों के प्रति उदासीनता, घरेलू परेशानी, सब कुछ होते हुए भी अकेलेपन की अनुभूति, प्रतियोगिता में असफलता, कर्ज की अधिकता, मित्रों से तकरार।

वृषभ- व्यापार में विस्तार, सम्मान का लाभ, व्यक्तित्व का विकास, विवाद का समापन, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

मिथुन- कार्यक्षमता में वृद्धि, आपसी सलाह से कामयाबी, आपसी सद्भाव, आनन्द की अनुभूति, शारीरिक-मानसिक सुख की प्राप्ति, इच्छानुकूल घटना घटित।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि, कर्ज की अदायगी।

सिंह- समय अशुभ, सहयोगियों की गतिविधियों से कष्ट, परिवार में अनावश्यक खर्च, आपसी संबंधों में कटुता, विवाद की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

कन्या- स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, सामाजिक सम्पर्क में वृद्धि, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, नौकरी में पदोन्नति, स्थान परिवर्तन।

तुला- ग्रहस्थिति भाग्य के अनुकूल, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, व्यापार में धन निवेश, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, वैवाहिक जीवन संतोषजनक।

वृश्चिक- अभीष्ठ कार्यों में सफलता, प्रगति का मार्ग प्रशस्त, स्वाध्याय में रुचि, आपसी सौहार्द, पारिवारिक हर्षोल्लास, श्रेष्ठजनों से अपेक्षित सहयोग, संत समागम।

धनु- दिन विपरीत, मित्रों से तनाव, भौतिक सुख में कमी, गलतफहमी के शिकार, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, अशांति का वातावरण, हानि भी।

मकर- व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, राजनीतिक कृत्यों में रुचि, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, दूसरों की सलाह मान्य, आमोद-प्रमोद के साधु सुलभ।

कुम्भ- विचारित कार्यों में सफलता, धन संचय में प्रवृत्ति, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, मान-सम्मान में वृद्धि।

मीन- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, जीवनसाथी से सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# भाई-बहन का रिश्ता होता है निःस्वार्थ व पवित्र प्रेम का रिश्ता- डॉ. दीपक

नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में सामूहिक गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुआ। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कलश पूजन, देव आवाहन, स्वस्तिवाचन कराते हुए वैदिक मंत्रों से आहुतियां समर्पित करवायीं। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति का उद्गम, ज्ञान-गंगोत्री गायत्री ही है। भारतीय धर्म का पिता यज्ञ को कहा जाता है। गायत्री को सद्विचार व यज्ञ को सत्कर्म का प्रतीक मानते हैं। यज्ञ का तात्पर्य त्याग, बलिदान व शुभ कर्म यज्ञ के तीन शब्द अर्थ है, देव पूजा, दान व संगतिकरण। यज्ञ 24 अवतारों में से एक है। बरखा गुप्ता, सौरभ गुप्ता ने मुख्य पूजन किया। मधु गुप्ता, रेखा, कामेश, नीलम आदि मौजूद रहे। डॉ. दीपक कुमार ने भैया दूज के पावन पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाई-बहन का रिश्ता निःस्वार्थ व पवित्र प्रेम का रिश्ता है। भाइयों को बहनों के साथ सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर होना चाहिए।



गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित सामूहिक गायत्री यज्ञ।

## राकेश टिकैत ने भाकियू नेता ठाकुर गजेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की



भाकियू नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते राकेश टिकैत।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर बसी में भाकियू नेता स्वर्गीय ठाकुर गजेंद्र सिंह के निवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर फूल अर्पित किये। साथ ही उन्होंने भाकियू के कर्मठ नेता ठाकुर गजेंद्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिवारजनों को सांत्वना दी। ठाकुर गजेंद्र सिंह का 4 अक्टूबर को देहांत हो गया था। ठाकुर गजेंद्र सिंह भारतीय किसान यूनियन के पुराने स्तंभ रहे। उन्होंने न्याय पंचायत से लेकर ब्लॉक, जिला मंडल से प्रदेश तक काफी पदों पर रहकर किसानों के हित में काम किया। इस मौके पर चौधरी राकेश टिकैत, जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह, चौधरी आशु सिंह, नरदेव सिंह, मुकेश कुमार, कमलवीर सिंह, डॉ. धर्मवीर सिंह, अनिल चौहान, सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस से आवासीय कालोनी से व्यवसायिक गोदाम हटाने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद क्षेत्र के बुन्दकी रोड पर स्थित आरसीपुरम कालोनी के निवासियों ने पुलिस चौकी आदर्शनगर पर दी तहरीर में कहा है कि उनकी कालोनी एक आवासीय कालोनी है। कालोनी के एक व्यक्ति ने अपना मकान एक कंपनी को व्यवसायिक उपयोग के लिए दे रखा है, जिससे कालोनी में रोड पर रोज बडे कन्टेनर, टेम्पो आदि आते रहते है। कालोनी में अनजान व्यक्तियो का आना-जाना लगा रहता है। इस कारण कालोनी के बच्चे व महिलाओ का घर से निकलना दूभर है। उक्त लोग कई बार मना करने के बाद भी सुनते नहीं तथा कालोनी वासियो से अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे हर हर समय अप्रिय घटना की संभावना बनी रहती है। आवासीय कॉलोनी में व्यवसायिक कार्य होने के कारण कॉलोनीवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी में भारी क्षमता के वाहन आने-जाने से रोड खराब हो रही है। साथ ही हादसों का डर भी बना रहता है। कालोनीवासियों ने पुलिस से समस्या के समाधान की मांग की।

## सरकार ने 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर उनकी मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी दे दी है। इन रक्षा सौदों में मुख्य रूप से सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम, ग्राउंड बेस्ट मोबाइल सिस्टम, क्रेन और हाई मोबिलिटी व्हीकल की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें नौसेना के लिए नेवल सरफेस गन और वायु सेना के लिए भी लंबी दूरी के मिशन में महत्वपूर्ण प्रणाली की खरीद भी शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में लगभग 79 हजार करोड़ रुपये के इन रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

## अब हाईवे पर भी फड़ लगा रहे दुकानदार, जाम का कारण बन रहा है साप्ताहिक बाजार

### साप्ताहिक बाजार से जलालाबाद पुल पर लगता है जाम

**नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम राजारामपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार की काफी दुकानें नेशनल हाईवे 119 पर लगने से जाम के कारण वाहन चालक काफी परेशान हैं। साप्ताहिक बाजार के कारण लगे जाम में एक एम्बुलेंस भी काफी देर तक फंसी रही, जिससे मरीज के परिजन परेशान हो गये। ग्राम राजारामपुर में एक बैंकेंट हॉल के पास खाली पड़ी जमीन पर हर गुरूवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। बाजार पुल के नीचे लगने से लोगों को कोई परेशानी नहीं है, मगर काफी दुकानदारों द्वारा अब अपने फड़ हाईवे पर आजाद चौक तक लगाने से आजाद चौक से नगर पंचायत जलालाबाद तक जाम की समस्या बन जाती है। इस कारण काफी वाहन जाम में घंटों फंसे रहते हैं। बाजार लगने के दौरान जलालाबाद पुल के पास पुलिसकर्मियों के साथ बाजार लगाने वालों के कुछ युवक जाम खुलवाने के लिए तैनात होने के बावजूद जाम की समस्या रोड पर दुकानें लगने से बढ़ती जा रही है, जिससे प्रत्येक गुरूवार को सड़क किनारे लग रहे साप्ताहिक बाजार के कारण आजाद चौक से लेकर जलालाबाद पंचायत घर तक जलालाबाद फ्लाईओवर पर लम्बा जाम लग जाता है। साप्ताहिक बाजार में आने वाले ई-रिक्शाओं के भी मार्ग पर रिक्शाएं रोकने से बाजार लगने के दिन उधर से चार पहिया वाहनों का निकलना काफी मुश्किल होता जा रहा है। वाहन चालकों ने इस समस्या के हल की मांग की है।**

# प्रभातफेरी के साथ गुरुनानक देव का प्रकाशोत्सव प्रारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से आज प्रातः शुक्रवार को निकाली गई प्रभात फेरी के साथ पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 13 दिवसीय प्रकाश उत्सव समारोह प्रारंभ हो गया है।


प्रभातफेरी का स्वागत करते हुए सरदार गुरशरण सिंह मोहन आदि।

पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के दीवान हाल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष सामूहिक अरदास के बाद गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह, गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के निर्देशन में निकाली गई प्रभातफेरी का नेताजी सुभाषचंद्र बोस चौक के निकट सरदार अवतार सिंह मोहन तथा सरदार गुरु शरण सिंह मोहन के परिवार की ओर से स्वागत किया गया।

स्वागत कार्यक्रम करने वालों को सरोपे भेंट करके सम्मानित किया गया। निर्धारित मार्गों की परिक्रमा के बाद प्रभातफेरी गुरुद्वारा में पहुंचकर संपन्न हुई, जहां संगत ने चौपई साहिब का सामूहिक उच्चारण करते हुए निशान साहिब जी की परिक्रमा की और दीवान हाल में गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह जी तक के सभी दसों गुरुओं तथा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की महिमा का बखान किया। गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने बताया कि 13 दिवसीय प्रकाश उत्सव समारोह के अंतर्गत 25 से 31 अक्टूबर तक नगर में प्रभातफेरियां निकाली जाएगीं तथा 1 से 5 नवंबर तक गुरुद्वारा के दीवान हाल में विशेष कीर्तन दरबार एवं गुरुवाणी कीर्तन उच्चारण कार्यक्रम पांच दिवसीय गुरमत समागम के रूप में आयोजित किये जाएंगे।

# ऐसी कारगर औषधि है यज्ञ स्वस्थ हो सकता पूरा जग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दीपावली के पावन पर्व पर कृष्णा देवी, संजीव कुमार, कुलदीप एडवोकेट के आवास पर यज्ञ का आयोजन किया गया। राम सिंह पाल ने यज्ञ किया। डॉ. नरेंद्र सिंह ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा यज्ञ के माध्यम से हम पूरे विश्व को स्वस्थ कर सकते हैं। गाय के 10 ग्राम घी से 10 टन ऑक्सीजन पैदा होती है। यज्ञ के द्वारा सारे वायरस, सारे बैक्टीरिया समाप्त हो जाते हैं। यज्ञ का धुआं सारे जीव-जंतुओं को प्राण शक्ति प्रदान करता है। बारूद में खर्च होने वाला धन यदि सामग्री घी में खर्च हो जाए तो सारा विश्व ठीक हो सकता है। यज्ञ में अमरदीप सिंह, अखवेनदर सिंह, अक्षय प्रताप सिंह, कृतिका चौधरी, विनीता चौधरी, रूबी मलिक, कृष्णा देवी, संजीव कुमार, प्रदीप कुमार एडवोकेट, इलाहाबाद से राजीव यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# दो दिन मनाया जायेगा श्री श्याम जन्मोत्सव

## 27 को निकलेगी निशान ध्वज नगर परिक्रमा

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री श्याम मित्र मंडल धामपुर की ओर से आगामी 27 व 28 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय छठे श्री श्याम जन्मोत्सव की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए श्री श्याम मित्र मंडल के आचार्य पंडित विकास वशिष्ठ ने बताया कि दो दिवसीय जन्मोत्सव के अंतर्गत 27 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से निशान ध्वज नगर परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। इस परिक्रमा यात्रा में 111 निशान ध्वज शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को सायं 6 बजे से शुभम मंडप में भव्य श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्य प्रदेश से आयी भजन गायिका ज्योति पाल अपने भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियां देंगी, जबकि गाजियाबाद से भजन गायिका पूनम सांई श्याम भक्तों के विशेष आग्रह पर दूसरी बार धामपुर आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार छठे श्री श्याम जन्मोत्सव में खाटू धाम से ही श्री राम म्यूजिकल ग्रुप पहुंच रहा है, जिसके संगीत निर्देशन में समूचा कार्यक्रम संपादित होगा।

# एएसपी ने चांदपुर में किया पैदल गश्त



**चांदपुर ( चिंगारी )।** एसपी (ग्रामीण) प्रकाश कुमार ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल गश्त किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से भी वार्ता की। व्यापारियों ने इसके लिए एसपी (ग्रामीण) की प्रशंसा की। गुरुवार को दोपहर बाद एसपी (ग्रामीण) प्रकाश कुमार ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल गश्त किया। इस दौरान संदिग्ध लोगों व वाहनों की भी चैकिंग की गई। नगर के ढाली बाजार सहित अन्य स्थानों पर एसपी (ग्रामीण) ने व्यापारियों से बातचीत भी की। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार भी मौजूद रहे।

Hero
आया धनतेरस-दीपावली का त्यौहार हीरो पर सवार
125 M Celebrating
125 Millian Customer

★हर खरीदारी पर पायें आकर्षक उपहार
★ G.S.T. लाभ 12821 रुपये तक
★बुकिंग आरंभ 1100 रुपये से
Good Life Gift Voucher
★नियम व शर्तें लागू

★2100 रुपये का कैश डिस्काउंट
★ 3500 रुपये का कैश डिस्काउंट
ऑफर केवल 23 अटूबर 2025 तक मान्य
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे**
**या बुरी...**

## आर्थिक सुधार और महिलाएं -2

केन्द्र सरकार द्वारा तम्बाकू और कैफीन आधारित पेय पर कर 28 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करना सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से दूरगामी है। तम्बाकू पर भारत हर वर्ष लगभग एक लाख करोड़ रुपये का स्वास्थ्य बोझ झेलता है। ग्रामीण परिवारों में पुरुषों की तम्बाकू खपत आय का बड़ा हिस्सा खा जाती है। जब इन उत्पादों पर भारी कर लगेगा, तो खपत घटेगी और आय परिवार की प्राथमिक आवश्यकताओं पर खर्च होगी। साथ ही महिलाओं को घरेलू हिंसा और आर्थिक असुरक्षा, दोनों से राहत मिलेगी, क्योंकि नशे और अस्वास्थ्यकर आदतें कम होंगी। सरकार का दावा है कि सरल कर ढांचा उपभोग को प्रोत्साहित करेगा और मैन्युफैक्चरिंग को गति देगा। जब उपभोग बढ़ेगा, तो वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण और कुटीर उद्योग जैसे क्षेत्र विस्तारित होंगे। इन उद्योगों में महिलाओं की भागीदारी परंपरागत रूप से अधिक रही है। उदाहरणस्वरूप, ग्रामीण स्वयं सहायता समूह पहले से ही खाद्य प्रसंस्करण और हस्तशिल्प क्षेत्र में सक्रिय हैं। सरल कर व्यवस्था और कम लागत उन्हें बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाएगी। इससे महिलाओं की आय में सीधा इजाफा होगा। उद्यमिता के स्तर पर भी यह सुधार महिलाओं के लिए नया अवसर है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 80 लाख महिलाएं छोटे व्यवसाय चला रही हैं, जिनमें से अधिकतर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हैं। कर की जटिलता अब तक उनके लिए बड़ी बाधा थी। अब जब स्लैब्स घटेंगे और भ्रम की स्थिति समाप्त होगी, तो महिलाएं अपने कारोबार को आसानी से पंजीकृत और संचालित कर सकेंगी। पारदर्शिता बढ़ने से भ्रष्टाचार की संभावना घटेगी और महिला उद्यमिता को नई गति मिलेगी। वित्त मंत्री का यह कहना कि इसे 'रेवेन्यू लॉस' नहीं बल्कि 'रेवेन्यू इम्प्लिकेशन' कहा जाए, यह संकेत है कि सरकार अल्पकालिक राजस्व की जगह दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक लाभ पर ध्यान दे रही है। जब ग्रामीण महिलाएं सशक्त होंगी, तो उनकी आय और खर्च दोनों में वृद्धि होगी। इससे अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ेगी और अंतत: सरकार को राजस्व भी अधिक मिलेगा। इन सारे सुधारों की परतें खोलने पर स्पष्ट होता है कि केन्द्र सरकार ने महिलाओं, विशेषकर कृषि क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं, को केंद्र में रखकर नीतिगत सोच विकसित की है।

# 50 परसेंट वोटर्स पर क्यों हैं मौन
# गिरिराज को वेतन देता है कौन?


**केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उन सब लोगों को नमकहराम कहा है जो केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ तो लेते हैं, लेकिन बीजेपी को वोट नहीं देते। भले ही उनका इशारा मुसलमानों की तरफ़ हो, लेकिन सही बात यह है कि उन्होंने आधे से अधिक उन हिंदुओं को भी लपेट लिया है जो भाजपा को वोट नहीं देते। बीजेपी को लगभग 36 परसेंट वोट मिलते हैं। मुसलमान देश में 14 परसेंट हैं। तो जो 64 परसेंट वोटर्स बीजेपी को वोट नहीं देते उनमें 50 परसेंट गैर मुस्लिम हैं। दूसरी बात यह है कि गिरिराज सिंह को जो वेतन भत्ते और सांसद निधि मिलती है उसमें मुसलमानों के टैक्स का पैसा भी शामिल है। तीसरी बात यह है कि संविधान मंत्री को इस नफ़रत, भेदभाव और पक्षपात की इजाज़त नहीं देता है।**



इक़बाल हिन्दुस्तानी

बिहार के अरवल में एक रैली के दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक मौलवी के साथ अपने वार्तालाप को सुनाते हुए कहा है कि 'हमने कहा आयुष्मान कार्ड मिला? उसने कहा हां मिला। हमने कहा हिंदू, मुसलमान हुआ? उसने कहा नहीं। हमने कहा बहुत अच्छा आपने हमको वोट किया था? उसने कहा हां दिया था। मैंने कहा खुदा का नाम लेकर बोलिये? तो उसने कहा नहीं दिया था। हमने कहा नरेंद्र मोदी ने गाली दिया था, हमने गाली दिया था? कहा नहीं। मैंने कहा मेरी गलती क्या थी? जो किसी का उपकार न माने उसे क्या कहते हैं? नमकहराम कहते हैं। हमने कहा मौलवी साहब हमें नमकहराम का वोट नहीं चाहिये।' इस बातचीत को पूरी तरह सच नहीं माना जा सकता, क्योंकि गिरिराज अकसर झूठ बोलते हैं। दूसरी बात यह है कि चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि बीजेपी को मुसलमानों के 8 प्रतिशत वोट मिलते हैं। गरीब मुसलमान 11 परसेंट तक बीजेपी को वोट देता है, जबकि अमीर 6 और मीडियम क्लास मुसलमान 5 प्रतिशत वोट भाजपा को देता है।

उधर हिंदू 85 प्रतिशत होकर भी केवल 28 प्रतिशत ही भाजपा को वोट देता है। केंदीय योजनाओं का लाभ तो हिंदू- मुसलमान सभी ले रहे हैं। लेकिन यहां नोट करने वाली बात यह है कि जिस तरह से बीजेपी ने मुसलमानों का हर स्तर पर विरोध, दमन, अन्याय, अत्याचार, पक्षपात, भेदभाव और उनसे दुश्मनी की हद तक नफ़रत का माहौल बनाकर हिंदू वोट बैंक की राजनीति की है, इसके बावजूद उसको उनके 8 परसेंट वोट मिलना भी हैरत और डर की बात है। अगर आज देश में कानून, संविधान और समानता का राज होता तो गिरिराज सिंह जैसे लोग मंत्रिमंडल नहीं जेल में होते। उनकी सांसदी छिन चुकी होती। चुनाव आयोग जीवित होता तो उनके ज़हरीले चुनाव प्रचार पर रोक लगा चुका होता। सुप्रीम कोर्ट न्याय करता तो स्वयं सू मोटो लेकर उनको दो धर्म के लोगों के बीच दरार पैदा करने के लिये तलब कर सज़ा दे चुका होता। मीडिया ज़िंदा होता तो उनसे उनके ज़हरीले आपत्तिजनक और विवादित बयानों पर तीखे सवाल पूछ रहा होता।



खुद मोदी अगर सबका साथ-सबका विश्वास में विश्वास रखते तो उनको न केवल मंत्री पद से बर्खास्त करते, बल्कि भविष्य में चुनाव लड़ने को बीजेपी का टिकट भी नहीं देते। साथ ही सब भारतीयों का डीएनए एक बताने वाला संघ उनको अब तक कभी का आडवाणी बना चुका होता। लेकिन खेद है ऐसा कुछ नहीं हुआ, क्योंकि यह सब एक सुनियोजित योजना बीजेपी का एजेंडा और उसके नफ़रत, झूठ व बांटो और राज करो की घटिया नीति का सोचा-समझा हिस्सा है। लेकिन बीजेपी को यह नहीं भूलना चाहिये कि बढ़ते करप्शन, अपराध, बेरोज़गारी, महंगाई, गरीबी, भुखमरी, अराजकता, साम्प्रदायिकता, घृणा, झूठ, जातिवाद हिंसा, मॉब लिंचिंग, बलात्कार, पक्षपात, भेदभाव, वोट चोरी, अन्याय, अत्याचार, शोषण, घोटालों, ऑनलाइन स्कैम, आवारा, पूंजीवाद, रिश्वतखोरी, कमीशनखोरी का अनुपात के हिसाब से नुकसान उनको ही अधिक संख्या में हो रहा है, जिनका जनसंख्या में हिस्सा अधिक है। केवल मुसलमानों को हर समस्या के लिये टारगेट करके अपने कुकर्मों का ठीकरा बार-बार उन पर फोड़कर हिंदुओं को अब आगे लंबे समय तक धोखा नहीं दिया जा सकता। अगर बीजेपी इतनी ही लोकप्रिय होती तो उसको राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों का सामना नहीं करना पड़ता, वह निष्पक्ष जांच कराकर विपक्ष को विश्वास में ले सकती थी।

अगर चुनाव आयोग निष्पक्ष, निडर और कानून के अनुसार काम कर रहा होता, तो किसी पार्टी, किसी नेता और किसी बड़े से बड़े पद पर बैठे लीडर को हिंदू-मुस्लिम जाति व धर्म के आधार पर वोट मांगने से रोकता, लेकिन यहां तो चुनाव आयोग क्या मीडिया से लेकर ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स विभाग जैसी लगभग सभी संस्थायें एक दल और उसके सहयोगियों को छोड़कर विपक्ष, सरकार विरोधियों और निष्पक्ष सभी भारतीयों को लगातार निशाना बना रहा है और अफसोस की बात यह है कि कोर्ट भी इस पक्षपात, अन्याय और उत्पीड़न को रोकने में अकसर नाकाम नज़र आता है। मुसलमानों की आबादी देश में 14 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन वे सरकारी नौकरी से लेकर निजी क्षेत्र की सेवा उद्योगों, बैंक सेवा, बैंक लोन, सरकारी, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, राशन डीलर, सरकारी ठेकों, आईआईटी, आईआईएम, लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम, नगरपालिका, सरकारी अस्पतालों की सेवा विभिन्न आयोगों, सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी, कोर्ट जजों, पुलिस सेना, प्रशासनिक अधिकारियों यानी कहीं भी 14 का आधा 7 तो दूर 3.5 प्रतिशत तक नहीं हैं। ऐसे में उनको उनके हिस्से, अधिकार और अनुपात से अधिक क्या मिल रहा है?

भाजपा अकसर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाती है, लेकिन उसको कोई गंभीरता से नहीं लेता। अगर वह बढ़ती आबादी को लेकर वास्तव में चिंतित होते तो सबके लिये अनिवार्य परिवार नियोजन, यानी दो बच्चों का कानून बनाने की दस साल में हिम्मत दिखाते, लेकिन वे जानते हैं इससे तो उनका हिंदू वोट बैंक भी नाराज़ हो जायेगा, इसलिये उनको तो बस घृणा, झूठ और हिंदुत्व की राजनीति करनी है। दूसरा तथ्य इस सारी बहस में यह भुला दिया गया है कि आबादी ज्यादा बढ़ना या तेजी से बढ़ना किसी सोची-समझी योजना या धर्म विशेष की वजह से नहीं है, बल्कि तथ्य और सर्वे बताते हैं कि इसका सीधा संबंध शिक्षा और समृद्धि से है। अगर आप दलितों या गरीब हिंदुओं की आबादी की बढ़त के आंकड़े अलग से देखें तो आपको साफ-साफ पता चलेगा कि उनकी बढ़त दर कहीं मुस्लिमों के बराबर तो कहीं उनसे भी अधिक है। कहने का अभिप्राय यह है कि जिस तरह केरल सबसे शिक्षित राज्य है और वहां आबादी की बढ़त 2.01 प्रतिशत यानी लगभग जीरो ग्रोथ आ गयी है, जिसमें मुस्लिम भी बराबर शरीक हैं, ऐसे ही देश में सबसे कम आबादी की बढ़त वाले राज्यों में मुस्लिम बहुल कश्मीर सबसे आगे है। देश में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी की बढ़त असम में 30.9 से बढ़कर 34.2 प्रतिशत पाई गयी है, जिसका साफ मतलब है कि बंग्लादेशी घुसपैठ से भी यह उछाल आया है, लेकिन सीमा पर घुसपैठ रोकने की ज़िम्मेदारी भी केंद्र सरकार की है।

**चाकू की पसलियों से सिफ़ारिश तो देखिये,**
**वह चाहता है काटने में उसको मदद करें।।**

(लेखक नवभारत टाइम्स के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के संपादक हैं।)

# गांवों में शुरू हुआ दावतों का दौर मचने लगा पंचायत चुनाव का शोर

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र में पंचायत चुनाव को लेकर सियासत अभी से तेज हो गई है। ग्राम प्रधान पद के नये-पुराने दावेदारों की ओर से जोर आजमाइश का दौर चल पड़ा है। उन्होंने तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर गांव के मतदाताओं पर डोरे डालना शुरू कर दिया। हालांकि समय के साथ मतदाताओं का मिजाज इस बार बदला-बदला नज़र आ रहा है। वर्ष 2026 के मार्च-अप्रैल माह में पंचायत चुनाव कराए जाने की संभावनाओं के चलते गांवों में जगह-जगह महफिलें सजने लगी हैं, जिसमें गुणा-भाग कर अपने-अपने दावेदारों की जीत का दावा किया जाता है। अभी से दावतों का दौर चलने से चुनाव के खर्चीला होने के कयास भी लगाये जा रहे हैं। इसी डर की वजह से कुछ आदर्श छवि



के दावेदार अपने पत्ते नहीं खोल पा रहे। उधर, कुछ दावेदारों ने दावतों के साथ गांव को बैनर-पोस्टर से सजाना शुरू कर दिया है। अभी कुछ दावेदार व्हाट्सएप और फेसबुक आदि संसाधनों के सहारे जीत का ख्वाब देख रहे हैं। जागरूक लोगों का कहना है कि इस बार के चुनाव में युवा पीढ़ी अहम भूमिका निभा सकती है। ऐसे में गांव की सत्ता किसके हाथों में होगी, भविष्य के गर्त में छुपा है। चुनाव के रोचक, संघर्षपूर्ण और भारी खर्चीला होने के कयास लगाये जा रहे हैं। बता दें कि गांव की सत्ता पाने की ललक में कुछ लोग अपनी जमीन-जायदाद और जमा पूंजी तक दांव पर लगा बैठते हैं। पिछले चुनाव में कहीं बुर्का, साड़ी, सूट सलवार बटे, तो कहीं सोने की बालियां बांटी गईं, फिर भी कुछ दावेदारों के मंसूबे पूरे न हो सके।

# उत्साहपूर्वक मनाया भैयादूज का पर्व



**शेरकोट (चिंगारी)।** क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट रिश्ते और स्नेह का प्रतीक भैयादूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर लम्बी उम्र की कामना की। बृहस्पतिवार को सुबह से ही नगर व ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह का माहौल नजर आया। बहनों ने व्रत रखकर पूजन किया और भाइयों का तिलक कर उनकी दीर्घायु व सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को नारियल और मिठाई भेंट की। जबकि भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार दिये। भैयादूज के मौके पर कल सुबह से ही वाहनों में सवारियों की भारी भीड़ दिखाई दी, जिस कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। पुलिस द्वारा बाजार में भीड़ को देखकर स्टेट बैंक चौराहे व बैंक ऑफ बड़ौदा चौक के पास बैरिकेड लगाकर चारपहिया वाहन के प्रवेश पर रोक लगाई गई।

# भारतेन्द्र सिंह का स्वागत किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** ग्राम बांटपुरा के ग्रामीणों ने गुरुवार को पूर्व सांसद बिजनौर राजा भारतेन्द्र सिंह का गांव में स्वागत किया। विगत वर्ष से ग्राम बांटपुरा के गन्ना किसान आंदोलनरत थे एवं बिलाई चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति नहीं कर रहे थे। इस बाबत ग्रामीणों ने पूर्व सांसद को अवगत कराया था। जिस पर पूर्व सांसद ने इस विषय से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया था। पूर्व सांसद इस संबंध में प्रमुख सचिव गन्ना बीना कुमारी मीणा एवं गन्ना आयुक्त श्रीमती मिनिस्ती एस से भी मिले थे। दोनों अधिकारियों ने पूर्व सांसद को आश्वस्त कराया था कि गन्ना क्रय केंद्र बांटपुरा एवं भगैन को अन्य चीनी मिल से सम्बद्ध कराया जायेगा। ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का जोरदार स्वागत किया एवं उनके प्रति आभार व्यक्त किया। सुरेन्द्र सिंह,शरद कुमार, अनिल कुमार, सौध्यान सिंह, जीवन सिंह, राकेश शर्मा, अंकुल कुमार, अरविंद सिंह, जयवीर सिंह, सत्येन्द्र सिंह, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के लिये 26 को खिलाड़ियों का चयन

**चांदपुर (चिंगारी)।** क्रिकेट के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 26 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से जेपी पब्लिक स्कूल, धनौरा रोड, चांदपुर में अंडर 19 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन बिजनौर के तहसील प्रभारी ज्ञानप्रकाश वर्मा ने बताया कि खिलाड़ियों का ट्रायल तहसील स्तर के वरिष्ठ क्रिकेटर्स की देखरेख में होगा। उन्होंने बताया कि 15 सदस्यीय टीम के चयन के साथ-साथ एक टीम मैनेजर का चयन भी किया जाएगा।

# मंगनी तय होने पर युवक ने युवती से मारपीट की

**नूरपुर (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र स्योहारा के गांव पैंतीया निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह करीब एक वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र स्योहारा के गांव रामखेड़ा निवासी युवक अभिषेक से बात करती थी। 6 माह पूर्व उसने अभिषेक से बात करना बंद कर दिया था, जिसके बाद उससे कोई बात नहीं हुई। युवती के परिजनों ने उसकी मंगनी कहीं तय कर दी। युवती का आरोप है कि उसकी मंगनी की जानकारी अभिषेक को हुई तो उसने उसे कई बार जान से मारने की धमकी दी। युवती का आरोप है कि वह बुधवार को नूरपुर बाजार में कुछ सामान खरीदने आई थी। इस दौरान रामलीला ग्रांउड के पास अभिषेक मिला और उसने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की तथा उसके मंगेतर को भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया है।

# उल्लासपूर्वक मनाया भैयादूज पर्व

**चांदपुर (चिंगारी)।** कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व भैयादूज उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। पांच दिनों तक लगातार त्यौहारों का क्रम समाप्त हुआ। इस अवसर पर वाहनों में भारी भीड़ रही। भैयादूज पर बहनों ने भाइयों का तिलक कर उनकी दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार व नकदी देकर उनकी रक्षा का वचन दिया। भैयादूज पर सुबह से ही बाजार एवं सड़कों पर चहल-पहल रही। बसों, ट्रेन, तथा डग्गामार वाहनों में भारी भीड़ रहने के कारण पैर रखने की जगह भी नहीं थी। मिठाई व गोला खरीदने के लिए दुकानों पर



भारी भीड़ रही। कुछ बहनें अपने भाई के घर भाईदूज का त्यौहार मनाने पहुंचीं तथा कुछ भाई अपनी बहन के घर त्यौहार मनाने पहुंचे। इसी के साथ ही कार्तिक मास में 5 दिनों तक लगातार त्यौहारों की सकुशल समाप्ति हो गई।

# चुनाव की तैयारी में जुट जायें, बूथ व सेक्टर कमेटी शीघ्र बनायें

**चांदपुर (चिंगारी)।** आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने तथा जिला पंचायत व विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि आजाद समाज पार्टी के जिला एवं विधानसभा प्रभारी मौ. ताहिर थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर नंगला, बमनौली, बमनौला, चौधेड़ी आदि गांवों में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि मौ. ताहिर की उपस्थिति में 10 बूथ पर एक सेक्टर अध्यक्ष व सभी बूथों के अध्यक्ष बनाये गये तथा सेक्टर व बूथ अध्यक्षों से शीघ्र से अपनी कमेटी बनाने को कहा गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मौ. ताहिर ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं



सांसद चन्द्रशेखर आजाद को सर्वसमाज का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि वे सड़क से लेकर सांसद तक दबे-कुचले लोगों व पीड़ितों की आवाज उठा रहे हैं।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष राजवीर सिंह, भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष विशेष गौतम, तहसील अध्यक्ष अंकित कुमार, पवन कुमार, कृष्ण कुमार, सचिन गौतम, शिव कुमार, नरेन्द्र कुमार, डिम्पल, शाहरुख, रमेश कुमार, जसविंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व आजाद समाज पार्टी के जिला एवं विधानसभा प्रभारी मौ. ताहिर का ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया गया।

# एसपी ने पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने आज सुबह पुलिस लाइन के परेड ग्राउन्ड में परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के उपरान्त एसपी अभिषेक झा ने यूपी–112 वाहनों/ड्रोन कैमरा, पुलिस लाइन परिसर/मेस इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने अर्दली रूम कर सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व लाइन मौजूद रहे।

# रात के अंधेरे में तोड़ दी दुकान, चोरी कर लिया सामान इंसाफ के लिए भटकता फिर रहा है दुकानदार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एक बाइक मिस्त्री की किराये की दुकान रात के अंधेरे में तोड़ दी गयी। गरीब दुकानदार इंसाफ के लिए भटकता फिर रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही। थक हारकर उसने डीएम से गुहार लगाई है। सपा नेता अख़लाक़ पप्पू के साथ डीएम के दरबार में पहुंचे मोहल्ला चाहशीरी बिजनौर निवासी मंसूर बेग ने प्रार्थना–पत्र में कहा है कि सिविल लाइन बिजनौर में रविंद्रा होटल के पास उसकी बाइक ठीक करने की किराये की दुकान है। ये दुकान उनके पास क़रीब 50 वर्षो से है। उन्होंने दुकान चन्द्रमोहन भटनागर से किराये पर ली थी। चन्द्रमोहन ने दुकान की रजिस्टर्ड वसीयत बैनामा अपनी बहन किरन भटनागर के नाम कर दी थी। किरन ने इसका बैनामा अपने पुत्र हिमांशु के नाम कर दिया था। मंसूर का कहना है कि वह किराया समय पर देता है। मालिकों से उसका कभी कोई विवाद नहीं हुआ। 21/22 अक्टूबर की रात को असामाजिक तत्वों ने दुकान पर क़ब्ज़ा करने के लिए शटर व छत तोड़ डाले। आरोप है कि दुकान में रखा सामान भी चोरी कर लिया। डीएम ने मंसूर को इंसाफ दिलाने का भरोसा दिया है।

# सड़क पर भरा रहता है पानी लोगों को होती है परेशानी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोहल्ला खत्रियान स्थित रहमत कालोनी में मस्जिद के ठीक सामने सड़क पर पानी भरा खड़ा है। कालोनीवासियों का आरोप है कि उनके वार्ड का सभासद नालियों की सफाई पर ध्यान नहीं देता। जब भी सभासद से नालियों की सफाई के लिए कहा जाता है तो उसका जवाब होता है कि सफाई क्या कराऊं, सड़क ही बनवाऊंगा। नालियों की सफाई न होने से सड़क पर पानी भरा रहता है, जिससे लोगों को दिक्क़तों का सामना करना पड़ता है।

# मुशायरे की परमीशन निरस्त होने पर विरोधी गुट ने बांटी मिठाई वर्चस्व की लड़ाई में भाजपा नेता ने मारी बाजी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर पंचायत जलालाबाद के अध्यक्ष पद का भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर दूसरे नम्बर पर रहे भाजपा नेता अख्तर राईन ने वर्चस्व की लड़ाई में बाजी मार ली। कस्बा जलालाबाद में भाजपा नेता अख्तर राईन के विरोधी गुट के कुछ युवकों ने जलालाबाद में 22 अक्टूबर 2025 को मुशायरा कराने के लिए फ्लैक्स बोर्ड आदि लगाकर प्रचार किया था। साथ ही मुशायरे की पूरी तैयारियां कर ली थीं, मुशायरे में कलाम पढ़ने के लिए शायरों को पेमेंट भी जा चुका था। इस मुशायरे को कराने व न होने देने को लेकर दो गुटों तनातनी शुरू हो गई थी। सत्ताधारी पार्टी से जुड़े नेता अख्तर राईन इस मुशायरे की परमीशन निरस्त कराने में जुट गये थे। जिससे प्रशासन ने बाद में इस मुशायरे की परमीशन यह कहते निरस्त कर दी कि इससे दो गुटों में तनाव पैदा होने से झगड़े की आशंका है। मुशायरा निरस्त कराने वाले गुट ने इस पर एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर खुशियां मनाईं। अख्तर राईन का कहना है कि वह कस्बे में विरोधियों द्वारा लोगों के साथ तानाशाही व अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं होने देंगे तथा कस्बे में आपसी भाईचारा कायम रखने के साथ कमजोर लोगों के हितों के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे।



एक पक्ष के लोग मिठाई खिलाकर खुशियां मनाते हुए।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बिजनौर**

पत्रांक : 2895 /ई–टेन्डर/25–26 — दिनॉक : 15.10.2025

**अल्प कालीन ई–निविदा सूचना**

1– राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, बिजनौर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य में रजिस्टर्ड श्रेणी–ए, बी, सी, डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा माँगी जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

2–

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण हेतु समया–वधि | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बिजनौर | नहटौर नूरपुर अमरोहा जोया मार्ग के किमी0 11 से पाडली माण्डू गांगन पुल तक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.60 | 1.36 | 854/– (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैकिंग द्वारा ही मान्य) | 3 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |
| 2 | बिजनौर | कोतवाली नहटौर मार्ग से सादकाबाद मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 21.70 | 2.17 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 3 | बिजनौर | बिजनौर कोतवाली मार्ग किमी0 14 से खड़गपुर इलायचीपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 10.15 | 1.02 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 4 | बिजनौर | शादीपुर नहटौर मार्ग से नरगदी मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 4.30 | 0.43 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 5 | बिजनौर | अखेड़ा से साहजनपुर कोट से पहाड़पुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 26.60 | 2.66 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 6 | बिजनौर | फजलपुर मण्डौरी से नसीबपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 10.40 | 1.04 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 7 | बिजनौर | झालू नहटौर मार्ग से गुजरपुर जसपाल मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 16.90 | 1.69 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 8 | बिजनौर | पी0के0 मार्ग के किमी0 162 से मिलक मुकीमपुर वाया सेढा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 24.15 | 2.42 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 9 | बिजनौर | पानीपत खटीमा मार्ग से रायपुर मलिहाबाद मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 11.60 | 1.16 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 10 | बिजनौर | नीन्दड़ू से बुआपुर नत्थू मानपुर शिवपुरी मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 21.15 | 2.12 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 11 | बिजनौर | कलियापुर से बड्डुपुरा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 17.10 | 1.71 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 12 | बिजनौर | जमालपुर महिपत मार्ग से नहर की पटरी छूटी कड़ी मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.65 | 0.77 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 13 | बिजनौर | अमखेड़ा शंजरपुर मार्ग से बमनौली मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.95 | 0.80 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 14 | बिजनौर | भगवानवाला लिंक मार्ग से रामठेरा लिंक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 5.90 | 0.59 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 15 | बिजनौर | खानूजट मार्ग से करनावाला मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 6.15 | 0.62 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 16 | बिजनौर | एन0एच0–734 एजुकोल स्कूल से मिलक तखावली मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 22.20 | 2.22 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 17 | बिजनौर | पानीपत खटीमा मार्ग से घोसियावाला सातनगर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.75 | 0.78 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 18 | बिजनौर | स्योहारा ठाकुरद्वारा मार्ग से जोतहिम्मा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 19.00 | 1.90 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 19 | बिजनौर | सैदपुर से नंगली पथवारी जमना बसेड़ा नंगला जाजू मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.40 | 1.34 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 20 | बिजनौर | दयालवाला बादशाहपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 28.60 | 2.86 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 21 | बिजनौर | मेरठ पौड़ी मार्ग के किमी0 80 से पी0के0 रोड बाईपास मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 17.40 | 1.74 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 22 | बिजनौर | गजरौला सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 11.30 | 1.13 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 23 | बिजनौर | मौढिया से नंगला शिशु मन्दिर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.16 | 0.22 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 24 | बिजनौर | रसूलपुर नंगला दरबड़ मार्ग से लखीधर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 33.80 | 3.38 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 25 | बिजनौर | शिवाला कलां से भैंसा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.50 | 1.35 | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदा आनलाइन दिनांक 25.10.2025 की प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 30.10.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 30.10.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर में खोली जायेगीं तथा अर्ह निविदादाताओ की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेंगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78–2–2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**R.O.No. 239239 Date: 18-10-2025**
**UPID.www.upgov.nic.in**

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बिजनौर
Ph. 01342 – 262776
Email – pdbijnor@gmail.com

# मुख्यमंत्री से मिलीं डा. रचना पाल बताया बिजनौर-नगीना रोड का हाल

**बिजनौर (चिंगारी)।** वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं पूर्व सदस्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग उ.प्र. डा. रचना पाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर डा. रचना पाल ने जनपद की सबसे प्रमुख समस्याओं में से एक बिजनौर-नगीना मार्ग की दुर्दशा की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान दिलाते हुए उक्त सड़क के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करने का आग्रह किया।

डा. रचना पाल ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया कि बिजनौर में चक्कर चौराहा से लेकर



वीकेआईटी तक नगीना मार्ग लगभग 3 किलोमीटर बेहद खराब स्थिति में है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं, जिसके चलते हुए वाहन चालकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ये गड्ढे कई बार भरवाये जा चुके हैं, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों है। सड़क का पुनर्निर्माण हुए बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं है।

डा. रचना पाल ने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि नगीना मार्ग पर कोतवाली देहात में ओवरब्रिज का निर्माण तीन वर्षों से हो रहा है, लेकिन अभी तक निर्माण पूरा नहीं हुआ है, जिसके चलते क्षेत्रवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देशित करने का आश्वासन दिया।

# बाइक चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश, पकड़े गये दो बदमाश

**बिजनौर (चिंगारी)।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए दो युवकों को चोरी की बाइकों सहित गिरफ्तार किया है। ग्राम गजरौला अचपल निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र लायकराम सिंह ने 22 अक्टूबर 25 को अपनी बाइक संख्या- यूपी20 बीक्यू-2763 चोरी होने की रिपोर्ट थाना कोतवाली शहर में दर्ज कराई थी। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस को ग्राम गजरौला अचपल निवासी पवन पुत्र रामपाल सिंह पर शक हुआ। पूछताछ और सुराग मिलने के बाद पुलिस ने पवन को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया।



दूसरी घटना में 22 अक्टूबर को नितिन कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम बाल अकबरपुर दादरी, गौतमबुद्ध नगर ने अपनी बाइक संख्या डीएल 13 एसओ-2794 को चोरी करने की रिपोर्ट कराई थी। गुरूवार को शहर कोतवाली पुलिस ने फरमान पुत्र कलाम निवासी सब्दलपुर थाना हीमपुर दीपा को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। शहर कोतवाली धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि अपराध नियंत्रण और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपियों के अपराधिक रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं।

# गोवर्धन पूजा के लिये गन्ना लेकर लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**किरतपुर (चिंगारी)।** गोवर्धन पूजा के लिए खेत से गन्ना लेने गए किशोर की बाइक पेड़ से टकरा गई, जिससे उसकी मौत हो गई।



सत्यम का फाइल फोटो

ग्राम कसौर निवासी 17 वर्षीय सत्यम पुत्र बलराज बुधवार की शाम को बाइक से खेत से गोवर्धन पूजा के लिए गन्ना लेने के लिए गया था। जब वह गन्ना लेकर वापस आ रहा था तो गोबिंदपुर वाली नहर के पास उसकी बाइक पेड़ से टकरा गई। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। काफी देर तक जब सत्यम घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को उसकी चिंता हुई। परिजन उसको ढूंढने के लिए खेत की ओर गए। परंतु काफी समय तक उसका कुछ पता नहीं लगा। बाद में कुछ राहगीरों ने बताया कि गोविंदपुर की नहर की पुलिया के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है। परिजनों ने सत्यम को किरतपुर के सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर हालत देख हायर सेंटर रैफर कर दिया। परिजनों ने मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सत्यम की कल मौत हो गई। सत्यम की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम कसौर में मातम का माहौल हो गया। सत्यम अपने घर का इकलौता वारिस था। उसकी माता ग्राम के गुरुकुल पब्लिक स्कूल में अध्यापिका हैं व पिता मंडावर क्षेत्र के शिशु मंदिर में आचार्य हैं।

# वाहन की चपेट में आकर बंगाल के वृद्ध तीर्थयात्री की मौत

**नूरपुर (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार की अपराह्न करीब तीन बजे मुरादाबाद मार्ग पर क्षेत्र के गांव अस्करीपुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के तीर्थयात्रियों की एक बस यात्रियों को लेकर हरिद्वार (उत्तराखंड) से अयोध्या जा रही थी। ग्राम अस्करीपुर के पास बस एक ढाबे पर रुकी।



मृतक बंकिम सरकार


इस दौरान बस में सवार वृद्ध बंकिम सरकार (79) बस से उतरकर शौच के लिए सड़क पार करते हुए किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर वाहन की पहचान करने के प्रयास में जुटी है। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## युवती के बाल पकड़कर खींचने के आरोपी दरोगा लाइन हाजिर


**बिजनौर (चिंगारी)।** दारानगर गंज इलाके में विवाद की सूचना पर युवती के बाल पकड़कर खींचने के आरोपी गंज चौकी प्रभारी को एसपी अभिषेक झा ने लाइन हाजिर कर दिया है। मंगलवार की रात गांव दारानगर गंज में अंबेडकर धर्मशाला के पास शराब पीने को लेकर हुई मारपीट की सूचना पर गंज चौकी प्रभारी दरोगा संजय त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया था। इस दौरान दरोगा संजय त्यागी का युवती के बाल पकड़कर खींचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एसपी अभिषेक झा ने मामले की जांच सीओ सिटी गौतम राय को सौंपी थी। सीओ सिटी की रिपोर्ट पर एसपी अभिषेक झा ने गंज चौकी प्रभारी संजय त्यागी को लाइन हाजिर कर दिया है।

# विदुर कुटी में गंगा स्नान मेले की तैयारी, जोर-शोर से जारी

**गंज (चिंगारी)।** विदुर कुटी के ठीक सामने गंगा घाट पर लगने वाले पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मेले में पहुंचने के लिए पहले की अपेक्षा अधिक चौड़े रास्ते बनाए जा रहे हैं ताकि जाम की स्थिति न बने। मेले का आयोजन जिला पंचायत के द्वारा किया जाता है। इस बार मेला विदुर कुटी मन्दिर से लगभग ढाई किलोमीटर दूर गंगा के तट पर लगभग 40 से 60 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में आयोजित किया जाएगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए मेले को कई सेक्टर में बांटा जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष भी मेले की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। एएसपी सिटी ने गुरुवार को मेला क्षेत्र का जायजा लेते हुए मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को लेकर ट्रैफिक पुलिस को दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं स्नान घाट पर चाक चौबन्द व्यवस्था को लेकर एएसपी सिटी ने सुरक्षा के



लिए अधीनस्थों को रोड मैप तैयार करने के दिशा निर्देश दिये। उधर मेले में जाने के लिए विदुर कुटी से कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले



तक मुख्य मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है, इसके साथ ही साथ एक मार्ग गंज स्थित काली मंदिर के समीप से गंगा स्नान मेले तक तैयार किया जा रहा है। मेले में एक ओर जहां शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर मेला क्षेत्र में डेकोरेशन सहित बिजली की आपूर्ति के लिए बिजली के तार खींचे जा रहे हैं। जिला पंचायत जेई सुशील कुमार का कहना है कि इस बार गंगा ने मेला आयोजन के लिए काफी बड़ा मैदान छोड़ा है जिसे समतल कराया जा रहा है, जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

# बिजनौर निवासी भारतीय सेना के अधिकारी ने पलटी हुई कार से परिवार को बचाया

**जोधपुर ( चिंगारी )। असाधारण साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण और नि:स्वार्थ सेवा का प्रदर्शन करते हुए, दक्षिणी कमान के तहत झांसी में तैनात कैप्टन अभिषेक चौधरी ने जोधपुर-कोटा राजमार्ग पर एक कार दुर्घटना से एक जोड़े और उनके छोटे बच्चे को बचाया।**

लगभग सुबह 8 बजे, एक हुंडई ऑरा (पंजीकरण संख्या RJ 19 CR 3886) टायर फटने के कारण नियंत्रण खो बैठी और सड़क के किनारे एक खाई में पलट गई। कैप्टन अभिषेक, जो उसी मार्ग पर यात्रा कर रहे थे, ने तुरंत अपना वाहन रोक दिया और पीड़ितों की सहायता के लिए दौड़े। घटना स्थल पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि कार अपने एक तरफ पलटी हुई थी और दरवाजे जाम होने के कारण यात्री अंदर फंसे हुए थे। कैप्टन अभिषेक ने अपनी उपस्थिति और निर्णायक कार्रवाई का प्रदर्शन करते हुए, साइड की खिड़की तोड़ दी, वाहन में प्रवेश किया और अपने साथी नायक श्रीराम के साथ, पहले बच्चे को, फिर माता और पिता को बचाने के लिए दरवाजा खोल दिया।


कैप्टन अभिषेक चौधरी

कैप्टन अभिषेक चौधरी ने तुरंत स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन सेवाओं (112 और 1033-एनएचएआई हेल्पलाइन) को घायल यात्रियों के लिए चिकित्सा देखभाल में तेजी लाने के लिए सूचित किया। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया ने सुनिश्चित किया कि एम्बुलेंस के आने से पहले सभी तीन व्यक्तियों को सुरक्षित रूप से निकाला गया। सहायता की पुष्टि करने के बाद, अधिकारी अपने काफिले में फिर से शामिल हो गए। भारतीय सेना ने कैप्टन अभिषेक चौधरी की साहसी और मानवीय कार्य के लिए प्रशंसा की है, जो सेना के मूल सिद्धांतों- साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति नि:स्वार्थ सेवा का एक सच्चा प्रमाण है, चाहे वह युद्ध के मैदान में हो या बाहर। बता दें कि कैप्टन अभिषेक चौधरी मूल रूप से बिजनौर जनपद के ग्राम खासपुरा के निवासी हैं।

## ई-रिक्शा वालों की मनमानी आमजन को भारी परेशानी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम भनेड़ा में बस स्टैंड के पास ई-रिक्शाओं का जमावड़ा आमजनों के लिए आफत बन गया है। बस स्टैंड के पास ही ई-रिक्शा लाइन से खड़े हो जाते हैं। ऐसे में बसों के निकलने में और यात्रियों को जाने-आने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बस चालक मुख्य सड़क के बीचोबीच बस खड़ी कर सवारी भरते हैं। ई रिक्शाओं की मनमानी से भनेड़ा बस स्टैंड से अवागमन करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बस अड्डे के पास निजी वाहनों के साथ ई-रिक्शा व ऑटो के अवैध रूप से खड़े रहना लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। इन वाहनों के सड़क पर खड़े रहने से सड़क संकरी होती जा रही है। इससे वाहन चालकों के अलावा पैदल राहगीरों का निकलना भी दूभर हो गया। इसका असर यातायात पर पड़ रहा है। जाम के कारण न केवल वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि पैदल राहगीरों का निकलना भी दूभर है।

## हर्षोल्लास से मनाया भैयादूज का पर्व


नगीना में भैयादूज के मौके पर अग्रवाल महिला संगठन की पूर्व अध्यक्ष ऋतु गर्ग अपने भाई को तिलक करते हुए।

**नगीना ( चिंगारी )।** भैयादूज का पर्व नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की दीर्घायु की कामना करते हुए रोली का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया। भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए। भैयादूज के मौके पर नगर के मुख्य बाजार खासकर मिठाइयों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ में नज़र आई। रोडवेज बस स्टैंड पर भी यात्रियों को बस में जगह पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी सुबह सवेरे से ही यातायात को व्यवस्थित बनाने में पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए दिखाई दिये।

## बाल्मीकि बस्ती पहुंचे अशोक कटारिया श्याम सुन्दर लाल को सम्मानित किया



**नगीना ( चिंगारी )।** पूर्व परिवहन मंत्री व एमएलसी अशोक कटारिया ने पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर लाल के घर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। बृहस्पतिवार की दोपहर पूर्व मंत्री अशोक कटारिया बाल्मीकि बस्ती में पहुंचे तथा पार्टी के पूर्व वरिष्ठ कार्यकर्ता श्याम सुंदर लाल को शॉल ओढ़ाकर व मिठाई देकर सम्मानित किया। पूर्व मंत्री ने बताया कि वह जनपद के पार्टी में लंबे समय तक कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं, इसी कड़ी में वह आज नगीना पहुंचे थे। इस मौके पर पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग, मोहित गोयल, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, अरुण शर्मा, प्रमोद राठी, पूर्व नगर अध्यक्ष शिव शंकर सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## खोया-पाया

सूचित किया जाता है कि रेखा देवी पत्नी शीशपाल सिंह निवासी मौहल्ला महादेव मंडी धनौरा, जिला अमरोहा का ओरिजनल बैनामों की रजिस्ट्री बही संख्या-1 जिल्द संख्या 2615 के पृष्ठ 221 से 240 तक क्रमांक 3069 पर दिनांक 8-04-2010 तक रजिस्ट्रीकृत किया गया है तथा दूसरा बैनामा बही संख्या-1, जिल्द संख्या 6707 के पृष्ठ 181 से 206 तक क्रमांक 13308 तक दिनांक 30-08-2019 तक रजिस्ट्रीकृत अंकित किया गया है। वास्तव में कहीं गिर गया है।

**रेखा देवी पत्नी शीशपाल सिंह, निवासी मौहल्ला-महादेव, मंडी धनौरा, जिला अमरोहा, उ.प्र. मो. नं.- 9457661576**

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी

### फरहीन हमराह मौ. अयाज़

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला नेजो सराय निवासी प्रमुख समाजसेवी शमीम अहमद भट्टे वालों की बेटी फरहीन का निकाह नगीना निवासी मौ. अयाज के साथ मेघपुर रोड स्थित विसाल पैलेस में भव्य समारोह में हुआ। इस भव्य शादी समारोह में नगर व क्षेत्र के तमाम राजनैतिक व समाजिक लोगों ने शामिल होकर नई जिंदगी का आगाज़ करने वाले दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद व दुआयें दीं। इस मुबारक मौके पर समारोह में पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान, मुफ्ती जमशेद आलम, पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, सलीम अंसारी एड., हाजी नासिर हुसैन, अब्दुल खालिद, तनवीर कुरैशी, पूर्व सभासद शरीफ कुरैशी, अनिल विश्नोई, अरुण विश्नोई, अतुल कुमार जैन, ठेकेदार प्रेमराज सिंह, ठेकेदार अब्दुल रज्जाक, निजामुद्दीन, पूर्व सभासद मा. नईम अहमद, डा. तसलीम आदि सैकड़ों लोग शरीक हुए।

चिंगारी
के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।
मोहित शर्मा
संवाददाता, मोबाइल नम्बर-
9012967455

## नाबालिग को भगा ले जाने के आरोपी का पुलिस ने किया चालान

**रायपुर सादात ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग को भाग ले जाने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।**

जानकारी के मुताबिक 9 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने नगीना देहात पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ग्राम बड़ी बनी निवासी शादमान पुत्र इरफान उसकी नाबालिग बेटी को बहला -फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने जांच शुरू की तो जांच में ग्राम मानियावाली गढ़ी थाना अफजलगढ़ क्षेत्र निवासी मोहम्मद शोएब पुत्र नसरुद्दीन का नाम प्रकाश में आया। सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार गुरुवार को लड़की को बरामद कर आरोपी मोहम्मद शोएब पुत्र नसरुद्दीन को भी गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी की जाएगी।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक

# अंडरपास की मांग को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** हेमराज कालोनी के निवासियों ने आज रिष्ठ भाजपा नेत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारर नामित सदस्य मां शाकुम्भरी विश्व विद्यालय सहारनपुर डा. मंजु चौधरी के नेतृत्व में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन में बैराज-हेमराज कालोनी मार्ग पर अंडरपास का निर्माण कराये जाने की मांग की गयी। बताया कि इस मांग को लेकर ग्रामवासी पिछले छह माह से लगातार धरना दे रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी सुनवाई नहीं हुई। बैराज से शुरू होकर रावली तक लगभग 25 गांव एक दूसरे से जुड़े हैं और उनका मुख्य आवागमन बैराज-हेमराज कालोनी से होता है। एनएचएआई ने केवल सर्विस लेन व यू टर्न की अनुमति दी है, किन्तु यह स्थानीय आवश्यकताओं एवं सुरक्षा के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। डा. मंजु चौधरी के साथ ज्ञापन देने वालों में दिलीप अधिकारी, दीपक बाला, मनोरंजन पाल, अमृत मंडल, नेपाल मंडल, नकुल हालदार, दिलीप बाला, राहुल शाह, आनंद मंडल, लक्ष्मीकांत, राजेश बढ़ाई, शिवा पाल, विवेक विश्वास आदि शामिल रहे।

# शराब पिलाकर मारपीट की, जेब से रूपये निकाले

**धामपुर ( चिंगारी )।** एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर भतीजे को शराब पिलाकर मारपीट करने तथा उसकी जेब से मजदूरी के पैसे निकलने का आरोप लगाया। मोहल्ला कहारान स्योहारा चुंगी निवासी उमा देवी पुत्री मुन्नू सिंह का आरोप है कि 23 अक्टूबर को उनके भतीजे बल्लू को विशाल लेने आया और उससे कहा कि राजू कारीगर के पास अपनी मजदूरी लेने के लिये चलते हैं। इस पर बल्लू विशाल के साथ अपने मजदूरी लेने के लिये चला गया। बताया जाता है कि जब ये लोग राजू कारीगर के पास अपनी मजदूरी के लिये गये तो राजू कारीगर ने पहले तो इनको इनकी मजदूरी दी और उसके बाद इनको शराब पिलायी। आरोप है कि दारू पीने के बाद विशाल, बल्लू को अपने साथ अपने घर ले गया और वहां ले जाकर बल्लू को और दारू पिलायी। जब बल्लू नशे में टल्ली हो गया तो विशाल ने अपनी बहन शीतल के साथ मिलकर बल्लू की जेब से उसकी मजदूरी के पैसे निकाल लिये और उसके बाद धक्के मारकर बल्लू को घर से भगा दिया। बल्लू ने सारी बात घर आकर परिजनों को बताई। इसके बाद मां मुन्नी देवी साथ लेकर थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने तथा विशाल व उसकी बहन शीतल के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा



# नहटौर मार्ग पर दिन-दहाड़े खुलेआम हरे-भरे आम के पेड़ों का हो रहा कटान

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर तहसील क्षेत्र में इन दिनों हरे-भरे पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं का आरा जमकर चल रहा है। इलाके में दिन दहाड़े हरे-भरे पेड़ों का खुलेआम कटान किये जाने से पर्यावरण को भारी खतरा उत्पन्न हो रहा है जिससे प्राकृतिक आपदाएं आने की संभावनाएं बढ़ रही है। बुधवार को ऐसा ही एक नजारा नहटौर मार्ग पर देखा गया। वन क्षेत्राधिकारी द्वारा गांव गजुपुरा में नहटौर मार्ग पर स्थित एक आम के हरे-भरे बाग को काटने का परमिट जारी कर दिया गया। हरे भरे पेड़ों पर आरा चलाकर उन्हें गिराया जा रहा था। क्षेत्र की जनता आम के बाग को कटता देख कर अचंभित रह गई, लेकिन अधिकारियों की खामोशी के सामने सब कुछ होता रहा। लकड़ी माफिया द्वारा हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई की गई। मालूम हो कि वन विभाग द्वारा उन पेड़ों को काटने की परमिशन दी जाती है जो फल नहीं देते परंतु इसकी आड़ में वनमाफिया हरे भरे पेड़ों पर भी आरा चलाकर पलोटिंग कर रहे हैं।

# मेले की तैयारियों का आग़ाज़, समिति गंगा किनारे पहुंची आज

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** 5 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा है। इस दिन गंगा स्नान का धार्मिक महत्व है। गंगा घाटों पर मेलों का आयोजन होता है। स्थानीय गंगा घाट पर भी गंगा स्नान मेला लगता है। मेले की तैयारियों का आगाज करते हुए आज ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के नेतृत्व में मेला समिति गंगा के किनारे पहुंची तथा मेला स्थल का चयन किया। मेला स्थल एक बार पुन: उत्तराखंड की ओर वाली गंगा की धारा के किनारे पर है। पिछले 3 वर्षों से मेला वहीं पर लग रहा है , क्योंकि इस ओर की धारा में न के बराबर जल है। मेला स्थल पर पहुंचने वाले मार्गों की स्थिति देखकर उन्हें ठीक कराने की योजना भी बनाई गई। बींडा डालने को मार्ग के उन स्थानों को भी चिन्हित किया गया , जहां रेत ज्यादा है। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु योजना तैयार की जा रही है। व्यवस्थायें बनाने हेतु स्थलीय भ्रमण कर लिया गया है। एक-दो दिन में ही जेसीबी, ट्रैक्टर-रोटावेटर भेजकर कार्य शुरू करा दिया जायेगा। मेले को भव्य, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के लिये हरसंभव प्रयास किया जायेगा। ग्राम प्रधान मौ. फरमान, सुनील कुमार धीमान, भाजपा नेता आर्य वीरेन्द्र शर्मा, सुशील शुक्ला, गोपाल शर्मा, गौतम चौधरी, मयंक चौधरी, बब्लू वाल्मीकि, यामीन अहमद आदि मौजूद रहे।



मेला स्थल का चयन करते ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल एवं अन्य

# आखिर समूह की महिला को झंडे बनाने का मेहनताना कब मिलेगा

**हल्दौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वंय सहायता की महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाये जाने के भरसक प्रयास किये जा रहे है। परन्तु तंत्र की कोन सी खामियां है जो महिलाओं को सशक्त बनने नही दे रही है। जो महिलाएं रोजगार करना चाहती है, अपना रुपया और मेहनत लगा रही है, उन्हे मानदेय, मुनाफा मिल नही पा रहा है। ग्राम खारी की श्रीमती नाजमा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला है। राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के लिए उन्होंने साढ़े पांच हजार तिरंगा झंडे बनाये। अपने परिवार और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर तीन दिनों मे रात दिन मेहनत कर झंडे बनाये ओर विकास खंड हल्दौर को उपलब्ध करवाए। श्रीमती नाजमा का कहना है कि झंडे बनाने की मेहनत के रुपए जल्दी ही देने को कहा गया था। परन्तु दो माह बीत गये अभी तक उन्हें एक पाई भी नही मिली। इससे मन निराश है। क्योकि हमारी मेहनत की मजदूरी नहीं मिल सकी। श्रीमती नाजमा ने बताया कि पिछले मौसमी माह मे पूरा परिवार बीमारी से ग्रस्त रहा। ऐसे मे रुपयो की जरूरत रही। समय पर मेहनताना न मिले तो दुश्वारिया पैदा हो जाती हैं। उन्होंने इस सबंध में कई बार ब्लॉक के अधिकारियों व जिला स्तर के अधिकारियों से भी बात की, पर उन्हें अभी तक कोरा आश्वासन ही मिल रहा हैं।

# सरकार की उपेक्षा का शिकार है नांगल का गंगा स्नान मेला

रूकन राजपूत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सरकारी उपेक्षा के कारण विकास की दौड़ में पिछड़ा स्थानीय गंगा स्नान मेला कभी बड़ा समृद्ध हुआ करता था। इस पौराणिक एवं ऐतिहासिक गंगा स्नान मेले में सैकड़ों गांवों के श्रद्धालु आया करते थे।

उत्तराखंड में स्थित गंगोत्री ग्लेशियर के गौमुख से निकलकर गंगा जी का उत्तर प्रदेश में प्रथम प्रवेश बिजनौर जिले के भागूवाला क्षेत्र में स्थित सबलगढ़ गांव में होता है। यह सबलगढ़ गांव नांगल के नजदीक ही स्थित है। प्राचीन समय में जब पक्की सड़कें नहीं थी , नदियों पर पुल नहीं थे , तो हरिद्वार जाने का मार्ग नांगल से ही था। नाव से नदी पार की जाती थी। इसीलिये नांगल का प्राचीन नाम अर्गलापुरी था। अर्गलापुरी यानी मायापुरी ( हरिद्वार का प्राचीन नाम ) का प्रवेश स्थान। नांगल में लगने वाला गंगा स्नान मेला यूपी का प्रथम गंगा स्नान मेला है। आज यह मेला कच्चे और रेतीले रास्ते की वजह से पिछड़ गया है , लेकिन कभी नांगल के गंगा स्नान मेले की धाक हुआ करती थी। वर्ष 1971 तक स्थानीय गंगा स्नान मेले में रोडवेज की बसें श्रद्धालुओं को लेकर जाया करती थीं। तब नांगल की मेला कमेटी का सहयोग नजीबाबाद के व्यवसायी किया करते थे। रेतीले मार्ग पर बसें चलाने को कांस - फूंस, बींड का मजबूत बींडा डाला जाता था। रोडवेज बसें गंगा मंदिर तक श्रद्धालुओं को लेकर जाती थीं। जबकि उससे कुछ ही दूरी पर मेला लगता था। वर्ष 1971 में मंगलवार को गंगा स्नान मेला था। अचानक मूसलाधार बारिश-आंधी शुरू हो गई थी। जमकर ओलावृष्टि भी हुई थी। लोगों ने किसी तरह इधर-उधर छिपकर अपनी जान बचाई थी। कई बैलों की मौत हो गई थी। दुकानदारों का तमाम सामान बह गया था। उसके बाद नजीबाबाद के व्यापारियों ने अपने हाथ खींच लिये थे। आज भी कच्चा-रेतीला मार्ग ही होने के कारण नांगल का गंगा स्नान मेला पिछड़ गया है। दूसरा बड़ा कारण है इस मेले को कोई सरकारी आर्थिक मदद न मिलना। पहले मेले का आयोजन ग्राम प्रधान अपनी जेब से करते थे, अब पिछले 5 वर्षों से मेले की व्यवस्था ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल देख रहे हैं।

# प्रभास
## की फिल्म 'द राजा साब' की डबिंग शुरू



मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'द राजा साब' की डबिंग शुरू हो गयी है। पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले मारूति के निर्देशन में बन रही 'द राजा साब' की डबिंग शुरू हो चुकी है। प्रभास खुद अपनी हिंदी डबिंग कर रहे हैं, जिससे उत्तर भारत के उनके फैंस रोमांचित हो गये हैं। इस फिल्म में प्रभास सुपरनैचुरल अवतार में नज़र आने वाले हैं। प्रोडक्शन हाउस ने डबिंग स्टूडियो से बीटीएस तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, जल्द सुनाई देगा- द राजा साबका राग, रोमांस और राइड! फिल्म 'द राजा साब' पांच भाषाओं तेलुगु, हिन्दी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में 09 जनवरी 2026 को रिलीज़ होगी। इस फिल्म में प्रभास के साथ संजय दत्त, ज़रीना वहाब, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, बोमन ईरानी और ऋद्धि कुमार की भी अहम भूमिका है।

# रश्मिका मंदाना
## की फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' का टीजर रिलीज



मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' का टीजर रिलीज हो गया है। रश्मिका मंदाना और दीक्षित शेट्टी स्टारर फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर दर्शकों के बीच काफी वक्त से उत्साह बना हुआ था। रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा के साथ ही एक टीजर भी शेयर किया है।

# रवीना टंडन और राशा थडानी बनी रिलायंस ज्वैल्स की ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** ज्वैलरी ब्रांड रिलायंस ज्वैल्स ने बॉलीवुड स्टार रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस अवसर को और यादगार बनाने के लिए ब्रांड ने पहली बार बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी को संयुक्त रूप से ब्रांड एंबेसडर के रूप में पेश किया। मां-बेटी की यह जोड़ी परंपरा और आधुनिकता के खूबसूरत संगम का प्रतीक मानी जा रही है, जो दर्शाती है कि आभूषण केवल सजावट ही नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और विरासत का हिस्सा होते हैं। रवीना टंडन ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा,रिलायंस ज्वैल्स के फेस्टिव कलेक्शन के लॉन्च के साथ अपनी यात्रा शुरू करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। त्यौहार खुशी और एकजुटता का प्रतीक होते हैं, और यह कलेक्शन उस खूबसूरती से परंपरा और आधुनिक दृष्टिकोण का मिश्रण प्रस्तुत करता है।



# आलोचनाओं ने मुझे और ज्यादा प्रेरित किया : भूमि पेडनेकर



सिंगापुर। बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है कि आलोचनाओं ने उन्हें और ज्यादा प्रेरित किया है। मिल्केन इंस्टीट्यूट के 12वें एशिया समिट में दुनिया भर के बड़े लीडरों के बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी निजी कहानी, हिम्मत और ज़िम्मेदारी की बात से सबको प्रभावित किया। भूमि पेडनेकर ने बताया कि जब वह अभिनेत्री बनने का सपना देखती थीं, तो उन्हें परदे पर अपनी तरह की महिलाएं नहीं दिखती थीं। उन्होंने कहा,मुझे हमेशा से पता था कि मैं एक कलाकार बनना चाहती हूं लेकिन बड़े होते हुए मुझे परदे पर अपने जैसी लड़कियां नहीं दिखीं। जब भी मैंने लोगों को अपने सपने के बारे में बताया, तो वे मुझ पर हंसे। उन आलोचनाओं ने मुझे और ज्यादा प्रेरित किया और मैंने सोचा, मैं उन्हें दिखाऊंगी।

# धरना चल रहा लगातार चुप्पी साधे बैठी सरकार

**कोटद्वार ( चिंगारी )। कोटद्वार-चिलरखाल-लालढ़ांग मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय लोगों का चिलरखाल बैरियर पर चल रहा धरना जारी रहा। धरने को बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन मिल रहा है।** इस अवसर पर वक्ताओं ने धरने के मध्य सरकार को जगाने के लिए दो विशाल रैलियां भी निकाली। आंदोलन संयोजक प्रवीण थापा व संजय रावत द्वारा तीन दिन और पूर्व सैनिक राजाराम अण्थवाल द्वारा आठ दिनों तक आमरण अनशन किया गया लेकिन सरकार और जनप्रतिनिधि इस ओर चुप्पी साधे बैठे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि मोटर मार्ग में बाधक याचिकाओं की प्रभावपूर्ण पैरवी कर इस मार्ग को बनाने का रास्ता शीघ्र प्रशस्त किया जाना चाहिए। धरना स्थल पर मौजूद मातृशक्ति ने कहा कि चक्रवर्ती राजा भरत की जन्मस्थली की अनदेखी क्यों की जा रही है, देश में हर जगह विकास हो रहे हैं, लेकिन गढ़वाल के द्वार कोटद्वार के साथ सौतेला व्यवहार क्यों हो रहा है। केंद्र सरकार को जल्द से जल्द इस मोटर मार्ग निर्माण हेतु आवश्यक कदम उठाने चाहिए। चेतावनी दी कि मोटर मार्ग निर्माण के लिए सकारात्मक प्रयास न होने तक धरना जारी रहेगा। धरना स्थल पर देवेंद्र रावत,पूर्व सैनिक प्रकाश रावत,रविंद्र सिंह सौंद, रमेश भंडारी, पूर्व सैनिक नारायण सिंह,स्वाति लखेड़ा,हेमा नेगी,उर्मिला देवी, संजना देवी, नीलम देवी, सुलोचना देवी और भागीरथी देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद रही।


# पुलिस के साथ अभद्रता करने वाली 10 महिलाओं सहित 14 गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के साथ-साथ पुलिस से अभद्रता करने वाली 10 महिलाओं सहित कुल 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात थाना कोटद्वार पर सूचना प्राप्त हुई कि देवरामपुर क्षेत्र में रामलीला को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया है। सूचना पर रात्रि में ही आला अधिकारी मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को पता चला कि देवरामपुर के कुछ लोग 21 अक्टूबर मंगलवार को उत्तर प्रदेश क्षेत्र के मोटाढाक मल्ला में रामलीला देखने गए थे, जहां उनका दूसरे पक्ष के साथ झगड़ा हो गया था। इस घटना से संबंधित एक व्यक्ति को पुलिस पूछताछ हेतु ला रही थी, तभी देवरामपुर की कुछ महिलाओं व पुरुषों ने पुलिस टीम के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उनके कार्य में बाधा पहुंचाई। इस संबंध में कोतवाली में उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के तहत कुल 22 नामजद तथा 10-15 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना से संबंधित महिला व पुरुषों द्वारा पुलिस के साथ अभद्रता करने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। पुलिस द्वारा सरकारी कार्य करने के दौरान पुलिस के साथ अभद्रता करने की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल को टीम गठित कर अभद्रता करने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवर व वरिष्ठ उप निरीक्षक राज विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा गुरुवार को घटना में संलिप्त 14 अभियुक्तगणों (10 महिलाएं एवं 4 पुरुष) को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। घटना में सलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस टीमों द्वारा सघन तलाशी अभियान जारी है।

## अमित शाह के जन्मदिन पर की मां गंगा की आरती

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** गृह मंत्री, अमित शाह के जन्मदिन के अवसर पर ऋषिकेश विधायक, (पूर्व कैबिनेट मंत्री) डॉ. प्रेम चंद अग्रवाल ने त्रिवेणी घाट, पर कार्यकर्ताओं के साथ माँ गंगा की आरती में प्रतिभाग किया। डॉ. अग्रवाल ने मां गंगा से प्रार्थना करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले अमित शाह देश के करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत हैं। मां गंगा से प्रार्थना की कि वे स्वस्थ रहें, और देश सेवा के लिए उन्हें निरंतर ऊर्जा प्राप्त हो। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अमित शाह के नेतृत्व में देश ने शासन, संगठन और नीति निर्धारण के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छुआ है। उन्होंने देश को सुरक्षा, विकास के नए युग में अग्रसर किया है। इस दौरान जिला मंत्री सुमित पंवार, महामंत्री नितिन सक्सेना, महामंत्री दीपक बिष्ट, पार्षद माधवी गुप्ता, रुपेश गुप्ता, राम सिंह पंवार, राजेंद्र बिजलवान आदि उपस्थित थे।

## केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद



**केदारनाथ ( चिंगारी )।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट गुरूवार, 23 अक्टूबर 2025 (भैयादूज, कार्तिक शुक्ल सप्तमी, अनुराधा नक्षत्र) के पावन अवसर पर प्रातः 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ शीतकालीन छह माह के लिए विधिवत बंद कर दिये गये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी विजन के अनुरूप केदारपुरी का भव्य और दिव्य पुनर्निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा 2025 में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किये, जिनमें केवल केदारनाथ धाम में 17,68,795 श्रद्धालु पहुंचे जो पिछले वर्ष की तुलना में सवा लाख अधिक हैं। वहीं उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में शामिल यमुनोत्री घाट के कपाट गुरूवार को भाईदूज के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रो और पूजा-अर्चना के साथ शीतकालीन छह माह के लिये विधिवत बंद कर दिये गये। अपराह्न 12 बजकर 30 मिनट पर यमुनोत्री मंदिर में मां यमुना की मूर्ति की विशेष पूजा के बाद पंडा-पुरोहितों और मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कपाट बंद किये।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

## कर्मचारी संगठन के चुनाव में पारदर्शिता की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अशोक कुमार ने संगठन के प्रभागीय चुनाव की अधिसूचना नियमानुसार जारी करने की मांग की है। कहा कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता दिखाई जानी चाहिए। गुरूवार को क्षेत्रीय मंत्री कर्मचारी संगठन सोहनलाल जखमोला को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में प्रभागीय कार्यकारिणियों का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। बताया कि चुनाव से पहले पूर्व पदाधिकारियों ने कोई लेखा-जोखा भी प्रस्तुत नहीं किया है, वहीं चुनाव अधिकारी की भी नियुक्ति नहीं की गई है। कहा कि चुनाव प्रक्रिया को बेहतर तरीके से संपन्न करवाने के लिए नियमों पर ध्यान दिया जाना चाहिए और नियमों के अंतर्गत ही चुनाव करवाए जाने चाहिए।

# सांसद अनिल बलूनी आये परमार्थ निकेतन

## गंगा आरती में किया सपरिवार प्रतिभाग

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** परमार्थ निकेतन में सांसद अनिल बलूनी सपरिवार दर्शनार्थ आये और स्वामी चिदानन्द सरस्वती के पावन सान्निध्य में आयोजित गंगा आरती में सहभाग किया। इस अवसर पर स्वामी जी ने सांसद अनिल बलूनी के व्यक्तित्व और उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बलूनी अकड़ से नहीं बल्कि पकड़ से जीते हैं। वे उत्तराखंड के विकास के लिए नए-नए प्रयोग और पहल करते रहते हैं। उनके कार्यों में सूझ-बूझ और दूरदर्शिता झलकती है स्वामी जी ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि सदाचार, मर्यादा और आध्यात्मिक दिव्यता का पर्व है उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी ने सदैव राजधर्म और नैतिकता का पालन किया। आज के समय में भारत के प्रधानमंत्री उन दिव्य परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं। स्वामी जी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, जिम्मेदारी और मर्यादाओं का पालन करना चाहिए। यही सच्ची राष्ट्रसेवा है, और यही सनातन सेवा भी है। सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि परमार्थ निकेतन की आध्यात्मिक गतिविधियां और स्वामी जी के मार्गदर्शन से समाज में नैतिकता, सेवा और संस्कार का संदेश प्रतिदिन गंगा जी की आरती से प्रसारित होता है। उन्होंने गंगा आरती में सम्मिलित होकर अपना अनुभव साझा किया।

# आपरेशन के दौरान पेट में छोड़ दी पट्टी, अस्पताल का लाइसेंस निलम्बित

### प्रसव के 10 दिन बाद महिला की मृत्यु

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिस पर उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने स्वतः संज्ञान लिया है। मामले में डालनवाला क्षेत्र के आराघर स्थित मदर केयर सेंटर (सिंह आई हॉस्पिटल) पर 26 वर्षीय महिला की मौत के बाद गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। मृतका के परिजनों ने अस्पताल परिसर में शव रखकर जमकर हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार, ज्योति प्रज्वल (26) निवासी लखी बाग ने 29 जनवरी को मदर केयर अस्पताल में ऑपरेशन के जरिए बेटे को जन्म दिया था। डिलीवरी के चार दिन बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। लगभग दस दिन बाद ज्योति के पेट में दर्द शुरू हुआ, लेकिन जांच के बावजूद डॉक्टर कोई स्पष्ट कारण नहीं बता पाये। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोबारा उन्हें उसी अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके बाद ज्योति को ग्राफिक एरा अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले में खुलासा हुआ कि ज्योति के पेट में सर्जरी के दौरान इस्तेमाल की गई पट्टी रह गई थी, जिससे गंभीर संक्रमण फैल गया और उस कारण से पीड़िता की मौत हो गई। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सीएमओ देहरादून मनोज शर्मा को फोन पर जांच के निर्देश दिए। जिस पर सीएमओ मनोज शर्मा ने बताया कि उन्होंने तत्काल प्रभाव से सिंह आई हॉस्पिटल एवं मदर केयर सेंटर का लाइसेंस जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने बताया कि समाचार पत्रों व सोशल मीडिया के माध्यम से स्वतः संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) देहरादून डॉ. मनोज शर्मा से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है। आयोग द्वारा एक विशेष जांच टीम गठित की जाएगी जो पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करेगी। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# परिजनों को चकमा देकर देहरादून पहुंची युवती

## गुलदार के उठा ले जाने की बात झूठी निकली

### युवक ने साथ ले जाने के लिये बुलाया था, फिर मुकर गया

**नहटौर (एजेंसी/चिंगारी)।** गुलदार द्वारा उठाकर ले जाने के शोर में लापता हुई युवती को नहटौर पुलिस ने देहरादून से



बरामद कर थाने ले आयी है। युवती ने शाम के समय अपने परिजनों को कॉल कर देहरादून में होने की जानकरी दी थी। युवती एक युवक के कहने पर अकेले ही परिजनों को खेतों में चकमा देकर देहरादून पहुंच गयी थी। जबकि सैकड़ों ग्रामीण और प्रशासनिक अमला करीब 10 घंटे तक युवती की तलाश में जंगल की खाक छानता रहा। मालूम हो कि बृहस्पतिवार को नहटौर के नन्हेड़ा निवासी 20 वर्षीय युवती अपनी मां व छोटी बहन के साथ खेतों से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। परिजनों का कहना था कि गन्ने के खेत से साक्षी को गुलदार उठाकर ले गया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। पुलिस एवं वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे, थानाध्यक्ष धीरज नागर, डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह आदि भी मौके पर पहुंचे। वन विभाग और पुलिस विभाग के दो अलग-अलग ड्रोन से भी सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन 10 घंटे बीतने के बाद भी कोई सफलता नहीं मिली थी। वन विभाग ने दो स्थानों पर पिंजरे भी लगा दिये थे। इस बीच शाम करीब 6 बजे देहरादून से आई कॉल में युवती ने बताया कि वह देहरादून में है और सुरक्षित है।

युवती की लोकेशन के आधार पर देहरादून स्थित पुलिस चौकी से युवती को पुलिस नहटौर थाने ले आयी। पुलिस ने बताया कि युवती कांठ के ग्राम नवादा निवासी किसी युवक से बात करती थी, जिसने उसे देहरादून बुलाया था और अपने साथ ले जाने का वादा किया था, लेकिन बाद में युवक मुकर गया, जिस पर युवती ने परिजनों को कॉल कर स्वयं के देहरादून में होने की सूचना दी थी। नहटौर पुलिस ने बताया कि अभी युवती के बयान दर्ज किये जा रहे हैं, उसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### जंगल-जंगल निकलकर पहुंची देहरादून

पुलिस पूछताछ में युवती ने बताया कि वह अपने परिजनों को चकमा देकर जंगल के रास्ते होते भी नूरपुर रोड पहुंची,जहां से वह बस के द्वारा देहरादून पहुंच गई थी। उसका कहना है कि वह बीए पास है जिसके चलते वह देहरादून में नौकरी करने के लिए गई थी।

### अफ़वाह फैलाने में हो सकती है कार्रवाई

नहटौर पुलिस की ओर से युवती के लापता होने में गुलदार द्वारा उठा ले जाने की अफवाह फैलाने के मामले में कार्रवाई कर सकती है। थानाध्यक्ष धीरज नगर ने बताया कि वन विभाग की ओर से शिकायती पत्र मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


**TATA MOTORS**
*REQUIRES*

**SALES EXECUTIVES**
Location : DHAMPUR, NAJIBABAD
Experience: Min. 6-8 yrs in Sales / Finance

**CASHIER**
Location : BIJNOR Head Office
Experience in similar field will be preferred

**TELECALLER (F)**
Location : BIJNOR Head Office
Only Female Candidates Can Apply

**COMPUTER OPERATOR**
Location : BIJNOR Head Office

Contact:
**CNS MOTORS PVT. LTD.**
(Auth. Tata Motors CV Dealer)
Bijnor / Amroha / Dhampur / Najibabad
HR contact:
**7055501562**



**धमाका धमाका धमाका**

हॉट जैल बोतल मात्र 150 रुपये गारन्टी वाली ( सिकाई के लिए ) और साथ में फ्री पायें 50 रूपये वाल सैनिटाईजर
हॉट वाटर बोतल मात्र 125 रुपये गारन्टी वाली ( सिकाई के लिए ) और साथ में फ्री पायें 50 रूपये बाल सैनिटाईजर
कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें नई ले जायें
कमर की कोई भी बेल्ट ( दर्द के लिए या आपरेशन के बाद ) पुरानी लायें और आधे पैसे देकर नई ले जायें।

कोई भी Knee Cap ( घुटने पर चढ़ाने वाली पट्टी ) पुरानी लाओ और आधे पैसे देकर नई ले जाओ।

हमारे यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Dipper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैशाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage) Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, De&trose की बोतल, ऑपरेशन के बाद बँधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट (Anti Dandruff shampoo), (Hand sanitizer), हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलता है।

नोट- यहाँ पर सभी पुरानी मशीनों की रिपेयरिंग होती हैं।

**नोट- युवक व युवतियां नौकरी के लिये सम्पर्क करें।**

सम्पर्क करें - **गोयल मेडिकल स्टोर**
रोहित होटल के पास, बिजनौर मो. 9411012482, 8273387326



**गीजर ही गीजर**



**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!
**श्री लाइट**
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476





Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
**CLASSIC TAILORS**
9927060150

**CLASSIC Shoes**
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
**Add.: Chahshireen Road, Bijnor**